वित्तीय स्वीकृति-2018-19
संख्या-१०/२०१८/४६४/52-2-18-2(2)/2018

प्रेषक,

शेषमणि पाण्डेय,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
अल्पसंख्यक कल्याण,
उ0प्र0, लखनऊ।

अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक २५ अप्रैल, 2018

विषयः- वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिये उ0प्र0 वक्फ न्यायाधिकरण के कर्मचारियों के वेतन एवं अन्य व्ययों के भुगतान हेतु प्राविधानित धनराशि रू0 2,21,29000/-(रू0 दो करोड इक्कीस लाख उन्तीस हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्याः-41/अ0सं0क0-52/लेखा/बजट-प्रावि/2018-2019 दिनांक 05.04.2018 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2018/बी-1-375/दस-2018-231/2018 दिनांक 30 मार्च, 2018 के क्रम मंे में दिये गये निर्देशों/व्यवस्था के अनुसार उत्तर प्रदेश वक्फ न्यायाधिकरण के कर्मचारियों के वेतन एवं अन्य व्ययों को वहन करने हेतु वित्तीय वर्ष 2018-19 में निम्नवत् तालिका के अनुसार प्राविधानित धनराशि रू0 2,21,29000/- (रू0 दो करोड इक्कीस लाख उन्तीस हजार मात्र) को अधोलिखित प्रस्तर-2 में उल्लिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं-

(रू0 हजार में)

क्रमांक	मानक मद का नाम	वित्तीय वर्ष 2018-19 में प्राविधानित धनराशि	स्वीकृति हेतु प्रस्तावित धनराशि
1	2	3	4
1	01-वेतन	9598	9598
2	02-मजदूरी	100	100
3	03-मंहगाई भत्ता	960	960
4	04-यात्रा व्यय	200	200
5	05-स्थानान्तरण यात्रा व्यय	600	600
6	06-अन्य भत्ते	576	576
7	07-मानदेय	1000	1000
8	08-कार्यालय व्यय	800	800
9	09-विद्युत देय	--	--
10	10 जल कर/जल प्रभार	--	--

11	11-लेखन सामग्री एवं फार्मो की छपाई	350	350
12	12-कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	500	500
13	13-टेलीफोन पर ब्यय	300	300
14	15-गाडियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद	1200	1200
15	16-व्यवसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिये भुगतान	1500	1500
16	17-किराया, उप शुल्क और कर-स्वामित्व	--	--
17	18-प्रकाशन	200	200
18	22-आथित्य व्यय/व्यय विशयक भत्ता आदि	200	200
19	26 मशीने और सज्जा/उपकरण और संयंत्र	200	200
20	42 अन्य व्यय	500	500
21	44 प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय	200	200
22	45- अवकाश यात्रा व्यय	200	200
23	46 कम्प्यूटर हार्डवेयर साफ्वेयर का क्रय	500	500
24	47-कम्प्युटर अनुरक्षण/ तत्संबंधी स्टेशनरी का क्रय	400	400
25	49- चिकित्सा व्यय	600	600
26	51- वर्दी व्यय	50	50
27	52-पुनरीक्षित वेतन का अवशेष (राजकीय)	1395	1395
	योग-	22129	22129

रू0 2,21,29000/- (रू0 दो करोड इक्कीस लाख उन्तीस हजार मात्र)

2-(1) ब्यय करने से पूर्व जिन मामलों में बजट मैनुअल और फाइनेन्शियल हैण्डबुक के नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम अधिकारी की स्वीकृति की आवश्यकता हो तो उसमें व्यय करने से पहले ऐसी स्वीकृति सक्षम प्राधिकारी से अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

(2) कृपया सुनिश्चित किया जाय कि घनराशियों का व्यय प्रतिमाह कुल धनराशि का 1/12 भाग ही हो यदि किसी माह में 1/12 भाग से अधिक की धनराशि के व्यय का औचित्य पाया जाय तो उस धनराशि के व्यय करने से पूर्व शासन की अनुमति प्राप्त की जाय।

(3) स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण एकमुश्त नहीं किया जायेगा। स्वीेकृत की जा रही धनराशि धनराशि का कोषागार से आहरण आवश्यकतानुसार फेजिंग में सुनिश्चित किया जायेगा जो सामान्यतः 02 माह की आवश्यकता से अधिक नहीं होगी।

(4) कोषागार से धनराशि का आहरण मासिक आवश्यकतानुसार किया जायेगा तथा धनराशि को आहरित कर बैंक/डाक घर में जमा नहीं किया जायेगा।

(5) उक्त मदों पर होने वाले व्यय के संबंध में समय≤ पर वित्त विभाग द्वारा जारी किये गये मितव्ययिता संबंधी आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुये किया जायेगा।

(6) वित्तीय स्वीकृतियां जारी करने/धनराशि को विभागाध्यक्ष/नियंत्रक अधिकारी के निवर्तन पर रखे जाने के सम्बन्ध में यह स्पष्ट किया जाता है कि धनराशि का आवंटन (एलाटमेन्ट मात्र) किसी प्रकार के व्यय करने का अधिकार नहीं देता है। जिन मामलों में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल और वित्तीय नियम संग्रहों तथा स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने के पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

(7) निवर्तन पर रखी जा रही धनराशि के व्यय की सूचना प्रतिमाह रूप पत्र बी0एम0-13 पर लेखा शीर्षक/मदवार प्रत्येक माह की 20 तारीख तक अवश्य उपलब्ध कराया जायेगा। आवंटित धनराशि बजट मैनुअल से संबंधित नियमों तथा शासन के अन्य आदेशों द्वारा विनियमित होगी।

3- उक्त मदों पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-48 के लेखाशीर्षक-"2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-800-अन्य व्यय-03-उ0प्र0 वक्फ न्यायाधिकरण के सुसंगत मदों के नामें डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2018/बी-1 -375/दस-2018-231/2018 दिनांक 30 मार्च, 2018 में प्रदत्त निर्देशों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(शेषमणि पाण्डेय)
विशेष सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक उपरोक्त</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रे◌िषतः-

1- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- महालेखाकर (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- सर्वे कमिश्नर वक्फ, उ0प्र0, लखनऊ।
4- रजिस्टार उ0प्र0 वक्फ न्यायधिकरण लखनऊ
5- वित्त एवं लेखाधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
6- वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
7- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
8- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-11
9- अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-1
10- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(हरी राम)
उप सचिव